PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Rashtriya Sahara, Delhi
Wednesday 18th November 2015, Page: 1
Width: 4.52 cms, Height: 7.01 cms, a4, Ref: pmin.2015-11-18.41.10

सस्ती दरों पर मिलेंगी 425 जेनेरिक दवाएं

नई दिल्ली (भाषा)। सरकार ने इस साल के अंत तक 400 से अधिक जेनेरिक दवाएं सस्ते दामों पर जन औषधि स्टोरों के जरिए बेचने की योजना बनाई है। फिलहाल जन औषधि स्टोरों पर 225 जेनेरिक दवाएं उपलब्ध हैं। दवा के प्रकार के हिसाब से इन स्टोरों पर दवाओं का दाम बाजार मूल्य का 10 से 33 फीसद तक है। रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री हंसराज अहीर ने यहां जन औषधि स्टोर का उद्घाटन करते हुए कहा, 'हम इन स्टोरों पर बिकने वाली जेनेरिक दवाओं की संख्या को 225 से बढ़ाकर 425 करेंगे।' सरकार की योजना दो साल में जन औषधि स्टोरों की संख्या बढ़ाकर 3,000 करने की भी है।

Jan Ausadhi Store to sell 425 generic medicine
Jan Ausadh.